Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 30-12-2021 | अंक 100

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com


आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः 31.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतुः---हेमन्त
माहः---पौष
पक्षः---कृष्ण पक्ष
तिथिः---द्वादशी तिथि प्रातः 07:28 तक उपरांत त्रयोदशी तिथि
दिनः---शुक्रवार
नक्षत्रः---अनुराधा नक्षत्र
योगः---शूल
करणः---तै
सूर्योदय :---प्रातः 06:47
सूर्यास्त : संध्या 05:13
सूर्य :---धनु राशि में
चंद्रमा :---वृश्चिक राशि में
आज का राहूकाल दिनः---10:30 बजे से दिनः---12:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खास :- आज संतान प्राप्ति हेतु प्रदोष व्रत होगा।



आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

# अपर समाहर्ता ने की बरही अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण, पंजी संधारण में मिली गड़बड़ी

## पंजी का किया गया भौतिक सत्यापन, आगे भी होगी जांच



भौतिक सत्यापन करते एसी राकेश रौशन



निरिक्षण करते हुए

**अपेम लाइव : बरही**

हजारीबाग का अपर समाहर्ता (एसी) राकेश रोशन ने गुरुवार की सुबह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बरही एसडीओ पूनम कुजूर, बीडीओ सह सीओ अरविंद देवाशीस टोप्पो व अन्य स्टाफ भी मौजूद रहे। इस दौरान राकेश रा. ेशन ने अंचल कार्यालय के कई अभिलेखों की जांच की। आम जनता से मिली शिकायत के आलोक में राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार द्वारा संधारित पंजी का अवलोकन कर भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने सीओ , सीआई को जरूरी निर्देश दिया। एसी राकेश रोशन ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली थी कि अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी कई कार्य नियम के विरुद्ध कर रहे हैं। जांच उनकी पंजी संधारित नही मिली। कई अभिलेख के मिलान में गड़बड़ी पाई गई है। भौतिक सत्यापन के लिए उन्होंने एसडीओ एवं सीओ के साथ कई ग्राम का भ्रमण कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान सभी अधिकारी बरसोत पंचायत के विस्थापित ग्राम श्रीनगर पहुंचे और भौतिक सत्यापन करते हुए ग्रामीणों से बात की । अपर समाहर्ता ने कहा कि अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार के पंजी संधारण मिली गड़बड़ी को एक समय सीमा के अंदर ठीक एवं व्यवस्थित करने का निर्देश दिया गया। व्यवस्थित नही होने पर उचित विधि सम्मत कार. ‘वाई की जा सकती है। मौके पर अंचल के बड़ा बाबू उमेश कुमार दास, अंचल निरीक्षक सह राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार आदि उप. स्थित रहे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का खपरियावाँ में कटकमदाग प्रखंड इकाई का गठन

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत प्र0 सिंह**

हजारीबाग। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा खपरियावां में कटकमदाग प्रखंड इकाई का गठन किया गया। अभाविप नगर मंत्री मंदीप यादव ने कहा विद्यार्थी परिषद वर्ष 1949 से लेकर अब तक राष्ट्र, छात्र हित, समाज हित के लिए तत्पर रहा है और हमेशा करता रहेगा। महिला सुरक्षा की बात हो या देश की रक्षा की बात हो इन सभी क्षेत्रों में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता अग्रणी रूप से भूमिका निभाते हैं। घोषणा करते हुए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राज प्रिंस गुप्ता ने परिषद की पृष्ठभूमि बताते हुए कहा कि अभाविप एकमात्र ऐसा संगठन है जो समाज, देश एवं संस्कृति को चिंता सबसे पहले करती है। नई इक दाई घोषणा में प्रखंड संयोजक दीपक कुमार यादव, प्रखंड सह संयोजक विक्की कुशवाहा, रविन्द्र कुमार, अनुज कुमार एसएफडा प्रमुख संजय कुमार राणा, सह प्रमुख भान पांडेय, शुभम मालाकार, एसएफएस मुख छोटी यादव, सह प्रमुख राहुल कुमार, खेल खुद प्रमुख संतोष कुमार, सह प्रमुख ऋषभ राणा, अभिनाश पासवान, थिंक इंडिया प्रमुख संदीप राता, सह प्रमुख अंकित राणा, रितेश स्तरी, सोशल मीडिया प्रमुख संजीत वर्मा, अनिल कुमार, सह प्रमुख शिवा सवान, कार्यकारणी सदस्य अभिषेक राणा, सुधांशु पा. सवान, अजीत कुमार आकाश कुमार, मुधासिर अकाश पासवान, रवि पासवान, राजा कुमार, मनीष यादव, अंकित कुमार, आयुष कुमार, नीतीश कुमार, कृष्णा कुमार, रिशु कुमार, बिपुल कुमार, छोटेलाल कुमार, राजा कुमार, आयुष कुमार, राज कुमार, निलेश कुमार को बनाया गया। मौके पर एसएफ डी प्रमुख बाबूलाल मेहता, नगर सह मंत्री प्रभात कुमार, अभिमन्यु कुमार, साहिल कुमार, नवीन यादव सोनू कुमार, मनीष चौधरी, सोनू कुमार, सत्यम कुमार, शंकर यादव, राहुल यादव, प्रियांशु भूषण आदि कार्यकर्ता मौजूद



कार्यकर्ता का स्वागत करते हुए

# पोक्सो एक्ट के आरोपी को भेजा गया जेल

**अपेम लाइव : बरही**

बरही थाना की पुलिस ने पडरिया ग्राम निवासी राजेश राणा को गिरफ्तार कर गुरुवार को हजारीबाग न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बताया जाता है कि उक्त युवक के खिलाफ बरही थाना में कांड संख्या 213 / 19 दर्ज है। इस बाबत बरही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि जेल भेजा गया नामजद राजेश राणा के खिलाफ पोक्सो एक्ट का मामला बरही थाना में दर्ज है। पुलिस को उसकी काफी दिनों से तलाश थी।


9122222016 बिरेन्द्र कुमार

महालक्ष्मी फर्नीचर

जो सजाए आपके सपनों का घर...

डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।

सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन




ATM | ग्राहक सेवा केन्द्र | स्टूडियो एवं फोटोकॉपी

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## विधायक चेतन आनंद व पूर्व सांसद लवली आनंद से मिले अनिल कुमार सिंह एवं उनके युवा साथी

**अपेम लाइवः बरही**

बरही के युवा अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में दर्जनों के संख्या में उनके साथ युवा साथी वर्ग गर्मजोशी से बिहार के शिवहर विधानसभा के विधायक चेतन आनंद एवं पूर्व सांसद लवली आनंद से बरही मे मिले। रामगढ़ के क्रम मे अनिल सिंह एवं युवाओं ने गर्मजोशी मे माला पहनाकर उनका स्वागत किया। विधायक ने युवाओ से मिलकर इन्होंने युवाओ से हालचाल जाना। सभी युवाओ का आभार प्रकट करते हुए कहा कि युवा इस देश के मजबूत स्तम्भ है। आप इस संघर्ष न्याय यात्रा में हमे सहयोग करे। सभी युवा एक साथ मिलकर भागीदारी ले। युवाओ ने इन्हें आश्वस्त किया कि हम इस संघर्ष न्याय यात्रा में हर कदम पर आपके साथ है। मुख्य रूप से अनिल कुमार सिंह, राजवंशी सिंह, प्रिंस सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अभय सिंह, असलम अली, विक्की सिंह, धीरेंद्र ठाकुर, जीतू ठाकुर, सन्तोष साव, मंटू मेहता एवं अन्य कई सारे युवा शामिल उपस्थित रहे।



विधायक का स्वागत करते अनिल सिंह व अन्य

## बरही पुलिस ने किया मवेशियों से लदा ट्रक जब्त, चार गिरफ्तार, भेजें गए जेल

**अपेम लाइवः बरही**

बरही पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार रात को बरही चौक से मवेशी से लदा ट्रक जब्त किया जिसमे तेरह भैंस एवं उनके दो बच्चे शामिल है। बरही पुलिस को गुप्त सूचना मिली की ट्रक संख्या NL01AD 6827 मवेशियों को लोड कर बिहार से बंगाल ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही वरीय पदाधिकारीयों के निर्देशानुसार बरही थाना के एएसआई दिनेश कुमार के अगुवाई में बरही चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमे ट्रक समेत चार गौ तस्कर को बरही पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार गौ तस्करों में पवन दास पिता स्व रामेश्वर दास शेखपुरा जहानाबाद बिहार, विशाल कुमार पिता राजकुमार साव ग्राम खासपुर पटना बिहार, अवधेश कुमार गौड़ पिता हरिशंकर गौड़ जंगतरी तल्ला हुगली पश्चिम बंगाल एवं राजीव कुमार पिता छबीला राय खेतनपुर बिहार पटना निवासी को बरही पुलिस ने अपने हिरासत में लिया है। सभी गौ तस्करों को गुरुवार को जेल भेज दिया गया है। वहीं सभी मवेशियों को गौरक्षणि गौशाला फुलांग पत्थरा भेज दिया गया।




जब्त किया गया ट्रक

## झारखण्ड प्रजापति कुम्हार महासंघ की बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा

### चार जनवरी को पारिवारिक वनभोज का होगा आयोजन

**अपेम लाइवः बरही**

झारखण्ड प्रजापति कुम्हार महासंघ बरही अनुमंडल इकाई की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष संतोष प्रजापति एवं संचालन सचिब अरुण प्रजापति ने किया। बैठक में मुख्य संरक्षक देवधारी प्रजापति, जिला संयोजक गोपाल पंडित एवं संरक्षक कृष्णा प्रजापति मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में संगठन की मजबूती एवं संगठन विस्तार पर बल दिया गया। सर्वसम्मति से प्रजापति समाज का पारिवारिक वनभोज कार्यक्रम को आयोजित करने का निर्णय लिया। निर्णय के अनुसार 4 जनवरी को वनभोज का आयोजन किया जाएगा। वनभोज कार्यक्रम के लिए मौके पर ही 20 परिवार ने सहमति दिया। इस अवसर पर देवधारी प्रजापति ने कहा कि प्रजापति समाज की एकजुटता के लिए सभी अगुवा साथी को संकल्प लेने की जरूरत है। जिला संयोजक गोपाल पंडित ने कहा कि नए साल में नई ऊर्जा के साथ समाज के विकास के लिए काम किया जाएगा। बैठक में प्रीतम पंडित, मनोज पंडित, संतोष प्रजापति, योगेंद्र प्रजापति, ज्ञानदेब पंडित, दीपक पंडित, दिनेश पंडित, अर्जुन प्रजापति आदि मौजूद थे।



बैठक में मौजूद प्रजापति समाज के लोग

## एनपीएस के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण, वन्य जीव प्राणी की ली जानकारी

**अपेम लाइवः बरही**

नवोदय पब्लिक स्कूल एवं नवोदय कोचिंग सेंटर साधना पुरी बरही के विद्यार्थीयों ने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान रांची बिरसा जैविक उद्यान एवं एक्वेरियम का अवलोकन किया। बिरसा जैविक उद्यान में बच्चों ने दुर्लभ वन्य जीव प्राणी के बारे में जानकारी ली। प्राचार्य सुधीर चन्द्र ने बच्चो को वन्य जीव एवं मछलियों के प्रकार के बारे में जानकारी दी। शैक्षणिक भ्रमण में अमन कुमार, रोहित कुमार, राजेंद्र कुमार , प्रेम कुमार , स्नेहा कुमारी, सोनम कुमारी, अनिता कुमारी ,नेहा सोनी, शालिनी कुमारी, साबिर कुरेशी, काजल परवीन, प्रियांशु यादव, मोहम्मद राकिब, प्रीति कुमारी ,राहुल कुमार, नंदनी कुमारी, अंजली गुप्ता, पूनम गुप्ता, प्रीति कुमारी यादव, राज केसरी, रोहित यादव, शिल्पी कुमारी, नूर आयशा, नूर फातिमा, खालिद आरूषी कुमारी विद्याशा, कुमारी विवेक, रिया कुमारी, शर्मिष्ठा कुमारी, खुशबू, संजीत कुमार यादव, पूजा कुमारी, विवेक कुमार, राजन ,लक्ष्मी कुमारी, राबिया परवीन, सूरज कुमार यादव के अलावे प्रधानाचार्य सुधीर चंद्र, शिक्षिका मोनिका कुमारी, रीना कुमारी, अतिथि शिक्षक सुरेश कुमार साहू एवं अशोक कुमार कुशवाहा आदि शामिल रहे।



शैक्षणिक भ्रमण में शामिल एनपीएस के बच्चे






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गों एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**


निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमा

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर







## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,

शुभ दीपावली



रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह



कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

APEM LIVE NEWS सच का साथी



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## पारा शिक्षकों की मिली बड़ी सौगात, वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

एकीकृत पारा शिक्षक संघर्ष मोर्चा प्रखंड इकाई बरकट्ठा के सभी सदस्यों में काफी हर्ष और उल्लास देखा जा सकता है। 2 वर्ष कार्यकाल पूरा होने पर हेमंत सरकार तथा नववर्ष के आगमन पर शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री के द्वारा पारा शिक्षकों को स्थायीकरण किया गया। अब पारा शिक्षक सहायक शिक्षक के रूप में जाने जाएंगे प्रखंड इकाई बरकट्ठा एवं सभी संकुल समिति की ओर से माननीय राज्यपाल महोदय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो, एवं अष्टमंगल मोर्चा के संजय कुमार दुबे, प्रधुमन सिंह के प्रति आभार प्रकट किया जिनके अथक परिश्रम के फलस्वरूप पारा शिक्षकों के चेहरे पर थोड़ी मुस्कान देखने को मिल रहा है।पारा शिक्षकों के18-19 वर्षो से लंबित मांगों में से स्थाईकरण और वेतन वृद्धि को मान ली गई। मानदेय में 40से 50:की वृद्धि हुई। वेतनमान के लिए सक. ।रात्मक बात हुई।

## प्रतापपुर में एक युवक ने शादी का झांसा देकर किया यौन शोषण,अब किया इनकार

### बिहार के गया में पढ़ाई करने के दौरान हुआ था प्यार, लेकिन अब थाना पहुंचकर न्याय की लगाई गुहार

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**




चतरा प्रतापपुर में एक युवक चार साल तक शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। और अब उसने दहेज का बहाना बनाकर उससे किनारा कर लिया है। यह मामला जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़िता ने युवक पर शादी का वादा करके शारी. रिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने पहुंचकर अपनी आपबीती बताई और न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया कि उसका कथित आशिक हंटरगंज थाना क्षेत्र के आरु गेरुवा का रहने वाला है। पीड़ित युवती को पढ़ाई के दौरान दोनो के बीच दोस्ती हुआ था। पीड़िता के अनुसार लड़का बिहार के गया में रहकर पढ़ाई करता था।जो की पीड़िता के दोस्त ने उस लड़के से संपर्क करवाई थी इस दौरान दोनों में प्यार हो गया। पीड़िता प्रेम प्रसंग मामले में फसकर शंकर से बातों ही बातों में वर्ष 2018 में युवती को बिहार के गया में पढ़ाई के दौरान दोनों में प्यार हो गया। फिर हंसी मजाक का सिलसिला शुरू हुआ। पहली बार युवक ने युवती के सामने शादी का प्रस्ताव रखा लेकिन उसने मना कर दिया। बाद में युवती ने शादी करने के लिए हामी भर दी। युवक बिहार में पढ़ाई करने को लेकर गया में किराए के एक मकान में रहता था। युवती के अनुसार शारीरिक संबंध बनाने से पहले लड़के ने कसम खाई थी कि वह घरवालों को राजी कर लेगा और जल्द ही दोनों शादी कर लेंगे। लेकिन जब शंकर कुमार, पढ़ाई खत्म कर अपने घर लौटा और और अपने परिजनों के बीच पीड़िता से शादी की बात कही तो शंकर के परिवार वालों को लड़की पसंद न आने की बात कह डाली, उसी बीच लड़के ने पीड़िता को आज से तीन महीने पहले फोन लगाकर पीड़िता से बोला की हमारे परिजन को तुम पसंद नहीं हो ऐसे में अगर हम तुम से विवाह रचा लिया तो हमारे परिजन आत्म हत्या करने की बात कह रहे हैं। इसी बात को लेकर लड़के के शादी से इंकार कर दिया। वही पीड़िता ने बताया कि लड़के की शादी कही दूसरे जगह इसी वर्ष होने वाली है। हम चाहते हैं कि उसके साथ मेरी शादी हो-पीड़िता पीड़िता ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि जिस प्रकार से मेरे साथ शादी की बात कह कर शोषण किया गया। ठीक उसी प्रकार हम चाहते हैं कि उसके साथ मेरी शादी हो ताकि मेरी जो इज्जत उसने तार-तार की है उसकी रक्षा हो सके। हालांकि लड़के ने किराए का मकान नहीं बदला और दोनों का मिलना-जुलना जारी रहा।पीड़िता के परिवारवालों तक प्रेम प्रसंग का मामला पहुंचा। आशिक के घर पर शादी की बात की गई। मगर युवक ने युवती के परिवारवालों को ये लड़की पसंद नहीं करने की बात को लेकर टाल-मटोल करना शुरू कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने थाने में न्याय की गुहार लगाई है।

## हरली पंचायत भवन में सखी मंडल को सम्बोधित किया राजु साव ने

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




बैठक में शामिल लोग

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत पंचायत सचिवालय हरली के प्रांगण में मुखिया महेंद्र महतो तथा सखी महिला मंडल के नीतू देवी( जल सहिया) के नेतृत्व द्वारा जल सहिया महिलाओं के बीच भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि किसान मोर्चा रामगढ़ जिला प्रभारी राजू साव शामिल हुए। कार्यक्रम में श्री साव ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में प्राकृतिक खेती से किसानों को कैसे आत्म. निर्भर बनाया जा सके। जिससे माननीय प्रधानमंत्री मोदी का सपना साकार हो सके। आगे कहा कि यदि महिला अपना हक अधिकार समझ ले तो तभी आधुनिक भारत का सपना साकार हो सकता है। आगे इन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बड़कागांव विधानसभा के माता-बहनों आज जिस परिस्थिति से वर्तमान की हेमंत सरकार की गलत नीतियों के वि. फलता को प्रदेश की जनता झेल रही है, उसमें भारतीय जनता पार्टी एकमात्र विकल्प है। वहीं कार्यक्रम में संबोधित करते हुए भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष केरेडारी नारायण यादव ने कहा कि वर्तमान के हेमंत सरकार के कथनी और करनी में अंतर के कारण पूरा प्रदेश शिक्षा जल, जंगल, जमीन व रोजगार इत्यादि के क्षेत्र में व्याप्त अराजकता की ओर जा रहा है, भ्रष्टाचार चरम पर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वर्तमान मुखिया हरली पंचायत महेंद्र महतो ने किए। जबकि संचालन मंडल महामंत्री सुमन गिरी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंडल उपाध्यक्ष रामस्वरूप मेहता, बालेश्वर कु. मेहता, सिकंदर सोनी, नीतू सोनी, किरण देवी, निशा मेहता, सोनी देवी, नीतू कुमारी, प्रियंका देवी, रीना देवी, काजल देवी, राखी देवी ,अंजली कुमारी, सीता देवी, धर्मेंद्र पांडे, दिलीप महतो ,द्वारिका महतो, किशोर राणा सहित भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

APEM LIVE

## वैक्सीनेशन का निर्धारित लक्ष्य पूरा करने पर प्रखण्ड के दो पंचायत के प्रधान समान्नित

**अपेम लाइव : चौपारण**



कार्यक्रम में शामिल लोग

कोविड 19 की रोकथाम को लेकर प्रखण्ड के 18. से ऊपर के लोगों वैक्सीनेशन के दोनों डोज लगवाने को लेकर बीडीओ प्रेमचन्द सिन्हा के नेतृत्व में प्रखण्ड प्रशासन द्वारा अथक प्रयास किया जा रहा है। जिसमें जनप्रति. निधियों से लेकर सोशल मीडिया सहित अन्य का सहारा लिया गया। इसी का परिणाम हुआ कि प्रखण्ड के दो पंचायत पांडेयबारा और सिंघरावा को वेक्सीनेशन के अपार सफलता को लेकर जिला में समान्न प्राप्त हुआ है। पाण्डेयबारा पंचायत में 6497 लक्ष्य था जिसमें 6408 लोगों ने वै. क्सीनेशन लगवा चुके हैं। वहीं सिंघरावा पंचायत में 6012 लक्ष्य था जिसमें 5908 ने लगवा चुके हैं। वैक्सीनेशन के लक्ष्य प्राप्ति में भरपूर सहयोग के लिए हजारीबाग में आयोजित कार्यक्रम में बीडीओ सह प्रभारी सीओ प्रेमचन्द सिन्हा की उपस्थिति में पाण्डेयबारा पंचायत की प्रधान रेखा देवी व सिंघरावा पंचायत की प्रभारी मुखिया प्रतिमा देवी को उपायुक्त आदित्य कुमार आनंद के द्वारा प्रशस्ति पत्र और शॉल ओढ़ाकर समान्नित किया गया। इस लक्ष्य को हासिल करने में बीडीओ प्रेम चन्द सिंहा, प्रभारी चिकित्सक डॉ भुनेश्वर गोप सहित स्वास्थ्य कर्मियों व स्वास्थ्य सहिया की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहा। बीडीओ प्रेमचन्द सिन्हा ने इस सफलता का श्रेय प्रखण्ड के सभी स्वास्थ्य कर्मियों व जनप्रतिनिधियों को दिया है।

## कर्णपुरा खनन विस्थापित विकास समिति की बैठक संपन्न, लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बैठक में शामिल लोग

बड़कागांव प्रखंड के डाड़ी कलाँ के समिति कार्यालय में समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार एवं संचालन मसकुर आलम ने किया बैठक में पंकरी बरवाडीह कोल माइन्स के विस्थापित प्रभावित गांव के समस्याओं पर चर्चा किया गया जिसमें स्थानीय को रोजगार पर प्रमुखता से चर्चा की गई एवं एनटीपीसी से मांग करते हुए समिति के लोगों ने कहा कि हमारी जमीन से कोयला निकालकर अन्य राज्यों को रोशन किया जा रहा है लेकिन हमें बिजली नसीब नहीं हो पा रही है बिजली विभाग द्वारा लगातार कनेक्शन को काटा जा रहा है जबकि कंपनी द्वारा विस्थापित एवं प्रभावित गांव में बिजली उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे वही सोनबरसा होते हुए हजारों हाइवा वाहन कोयला ढुलाई के लिए गुजरते हैं जिसमें डाड़ी कलाँ मोड़ से पहले पुलिया के पास पूरी तरह सड़क जर्जर हो चुकी है जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है इस पर कंपनी से मांग किया गया है कि शीघ्र ही कंपनी उस पुलिया की मरम्मत कराए वही समिति में एक खाली पड़े पद पर सर्वसम्मति से राजेश रजक को उप सचिव के पद पर चुना गया मौके पर समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार, सचिव शमीम अहमद, कोषाध्यक्ष साबिर हुसैन, उपाध्यक्ष कुलेश्वर राम, उप सचिव राजेश रजक, हनीफ मियां, निर्मल राम, अनवर अली, पदुम साव, नेम धारी राम, वाहिद मियां, मोहम्मद रफुल, मोहम्मद जब्बार, जमाल अंसारी, अय्यूब अली, तस्लीम अंसारी, मो. हम्मद ताहिर, मोहम्मद मुबारक, मसकुर आलम, चंद्रिका प्रसाद के अलावा दर्जनों लोग मौजूद थे।

## ग्राम सभा को ग्रामीणों ने रद्द करने को लेकर दिया आवेदन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

प्रखंड के गोंदलपुरा पंचायत अंतर्गत ग्राम गाली के ग्रामीणों तथा वन संरक्षण एवं सुरक्षा समिति के सदस्यों ने बड़कागांव सीओ को लिखित आवेदन देकर कोल खनन कंपनी के द्वारा 31 दिसंबर को खाता संख्या 36 वनाधिकार गै. रमजूरवा भूमि को लेकर होने वाले ग्राम सभा को रद्द करने का आग्रह किया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस भूमि से यहां के लोगों का जीवन यापन चलता है इस लिए ग्रामीण इस ग्राम सभा का विरोध करते हैं। आवेदन की प्रतिलिपि उपायुक्त हजारीबाग, अपर समाहर्ता हजारीबाग, बड़कागांव वन पदाधिकारी तथा गोंदलपुर पंचायत के मुखिया एवं कम्पनी को दिया गया है।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## विष्णुगढ़ में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक

### कमेटी गठन के पूर्व संयोजक मंडली का हुआ चयन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कायस्थ महासभा की बैठक में शामिल लोग

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक गुरुवार को विष्णुगढ़ बाजारटांड स्थित श्रीराम मंदिर प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता महासभा के जिलाध्यक्ष दीपक नाथ सहाय ने की। बतौर अतिथि जिला महामंत्री अनिल कुमार लाल, जिला कोषाध्यक्ष अंजनी कुमार सिन्हा, शंभुशरण सिन्हा आदि शामिल हुए। बैठक में विष्णुगढ़ प्रखंड में कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसी भी समाज की मजबूती के लिए संगठन का होना आवश्यक है। संगठन की ताकत से हीं समाज का यथोचित विकास होगा। कमेटी गठन से पूर्व पांच सदस्यीय संयोजक मंडली का चयन किया गया। जिसमें सुधीर कुमार श्रीवास्तव, आकाश कुमार लाल, अरूण सिन्हा, राजू श्रीवास्तव, सकलदेव सिन्हा मनोनीत किए गए। बैठक में प्रत्येक पंचायत से कायस्थ सदस्यों की अल्प उपस्थिति के कारण कमेटी का गठन स्थगित कर दिया गया। इसके लिए आगामी नौ जनवरी को बैठक कर कमेटी गठन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर श्यामनंदन प्रसाद सिन्हा, सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा, आकाश लाल, संजय कुमार लाल, अरूण सिन्हा, सकलदेव कुमार सिन्हा, चिंटू लाल, अर्जुन प्रसाद, अमित कुमार सिन्हा, चन्द्रशेखर प्रसाद, राजू श्रीवास्तव, सुधीर कुमार श्रीवास्तव समेत कई लोग मौजूद थे।

## इलाजरत घायलों से मिलने पहुंचे रोशन लाल चौधरी

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




घायल से मुलाकात करते रोशन लाल चौधरी

मंगलवार को बीती रात को घर में सो रहे एक ही परिवार के कोयले की गैस से दम घुटने से दो लोगों की मौत के बाद गांव में मातम पसर गया है ।बुधवार देर शाम अंतिम संस्कार कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग जूटे एवं श्रद्धांजलि अर्पित किया। परिवार वालों का रो –रो कर बुरा हाल था ।मौके पर डाड़ी कला पंचायत के मुखिया गुलाब देवी एवं मोहन महतो व अन्य समाजिक प्रबुद्ध लोगों ने मृतक के घर पहुंच कर परिवार वालों को ढांढस बंधाया। वहीं इलाजरत घायल रूपम देवी, पूनम देवी एवं बबीता कुमारी की हालत में सुधार हो रही है। गुरुवार को हॉस्पिटल पहुंचकर आजसू महासचिव रोशन लाल चौधरी ने घायलों से मुलाकात कर हालचाल लिया व शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भग. वान से की। लोगों ने मृतकों के प्रति गहरा दुःख व्यक्त करते हुए शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों में मुखिया गुलाब देवी, मोहन महतो, कृष्णा राम, संदीप कुशवाहा , गौतम वर्मा, मनोज दांगी, प्रमोद महतो, प्रकाश ठाकुर, अर्जुन महतो, लालन सिन्हा, तापेश्वर तापस, सतानंद महतो, रामलखन महतो, रा. जेश्वर महतो, भुनेश्वर प्रजा. पति,कुलदीप महतो, भीम महतो, कारू भुईया, रंजीत महतों, कुँवर करमाली, कौलेश्वर महतो, के अलावा लोगों ने व्यक्त किया।

